तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 15 जून 2026

12 प्रधानमंत्री आवास योजना से पूरा हुआ उमा बाई का सपना...



10 कुरूद में बनी घटिया सड़क को लेकर निगम ने ...





## खबर संक्षेप

### सूने मकान से चोरी नकदी और जेवरात लेकर फरार हुए चोर

**बालोद।** महिला मायके गई और इधर अज्ञात चोर ने एक लाख रूपये की चोरी कर ली। जिसके बाद पीड़िता ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम खपरी निवासी रोहिणी चंदेल ने पुलिस को बताया कि मेरे पति बीएसएफ में है। मेरे पति मई माह में छुट्टी में आये थे तो मां के ईलाज और लेने देने के लिए 1,00,000 नगद देकर गये थे, जिसे मैं आलमारी के लाकर में रखी थी, मेरे बच्चों का चांदी का 2 जोडी चुडा और चांदी का पायल 03 जोडी सोने का लाकेट ऊं लिखा, 01 नग को मै लाकर रखी थी, मैं 06 जून को अपने मायके बडगांव गई हूं। 11 जून को मुझे खपरी गांव के मन्नु लाल रावटे फोन से खबर किये कि आपके घर के सामने गेट दरवाजा सब खुला है, अंदर का भी दरवाजा खुला है। सामान बिखरा बडा है, तब मैं अपने पिता नसिंग नायक के साथ घर में आकर देखी तो सामने गेट का कुंदा, दोनो बेडरूम का ताला टुटा है, मेन बेडरूम में रखे आलमारी व लॉकर को तोडकर लॉकर में रखे 1,00,000 रू नगद तथा बच्चो का चांदी का 2 जोडी चुडा, चांदी का 03 जोडी पायल सोने का लिखा बच्चे का लॉकेट नही है गुल्लक बच्चो का था उसे भी तोडकर पैसा ले गये है, कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है।

### स्कूल का ताला तोड़कर तीन क्विंटल चावल चोरी

**बालोद।** स्कूल से चावल की चोरी हो गई, जिसके बाद प्रधान पाठक ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शासकीय प्राथमिक शाला नेवारीकला स्कूल में प्रधान पाठक विष्णुराम साहू ने पुलिस को बताया कि स्कूल में बच्चो के मध्यान भोजन हेतु शासन से माह अप्रैल 2026 को चावल आया था, जिसे स्कूल के अतिरिक्त कमरा में रखा गया था, जिसके दरवाजा में ताला लगा हुआ था। माह अप्रैल से बच्चो की छुट्टी ग्रीष्मकालीन अवकाश लग जाने से मध्यान भोजन का बचत चावल लगभग 3 क्विंटल को स्कूल के अतिरिक्त कमरा में रखा था। हम लोग शासकीय काम से स्कूल आते रहते है, 11 जून को कार्य समाप्त उपरांत मैं एवं सहायक शिक्षक कुलेश्वर प्रसाद देशमुख सभी कमरो को चेक कर रहे थे, तब देखे की अतिरिक्त कमरा के दरवाजा में लगा ताला टुटा हुआ व दरवाजा बंद था, तब हम दोनो कमरे के अंदर जाकर देखे तो मध्यान भोजन का चावल नहीं था। 03 जून से 11 जून के के मध्य किसी अज्ञात चोर द्वारा अतिरिक्त कमरा के दरवाजा में लगा ताला को तोड़कर कमरा के अंदर रखे लगभग 3 क्विंटल चावल को चोरी कर ले गया है। घटना के संबंध शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष तामेश्वर सोनकर एवं संकुल समन्वयक संदीप कुमार दुबे को बताया हूं।

### जेवरात चोरी करने वाली महिला गिरफ्तार

**भिलाई।** मकान से सेना चांदी के जेवरात पार करने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उतई पुलिस ने बताया कि स्टेशन मरोदा निवासी सोहद्रा साहू के घर से आलमारी में रखे जेवरात पार हो गया था। जिसकी कीमत 62 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस में शिकायत के बाद आरोपी की तलाश में जुटी रही। विवेचना में संदेह के आधार पर आरोपिया ग्राम रुपास, जिला भरतपुर राजस्थान जो वर्तमान में शंकर नगर वार्ड 18 शास्त्री चौक कैम्प 1 निवासी पूर्णिमा साहू को पकड़ा गया। उससे पूछताछ करने पर मकान में चोरी करना स्वीकार किया। उसके पास से पुलिस ने सोना चांदी के जेवरात जब्त किए गए। न्यायालय दुर्ग में पेश कर उसे केंद्रीय जेल दुर्ग भेजा गया।

# 50 लाख का अस्पताल तैयार, स्वास्थ्य केंद्र की मंजूरी का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्रामीणों की परेशानियों को देखते हुए सन्यास लेकर साधू का जीवन जी रहे 90 वर्षीय संत ने अपनी पैतृक संपत्ति में से 50 लाख की लागत से अस्पताल भवन बनाया। ग्राम में स्वास्थ्य केन्द्र खुलवाने संत तहसील से लेकर मुख्यमंत्री तक चक्कर लगा चुके हैं। लेकिन 90 साल की बुजुर्ग की आंखे अपने ग्ाम में स्वास्थ्य सुविधा प्रारंभ होने का इंतजार करते थक गई। शासन प्रशासन की धीमी चाल से बुजुर्ग की उम्मीदें टूटने लगी है।

ग्राम दुपचेरा की 1900 की आबादी वर्तमान में 8 किमी दुर सरबदा उपस्वाथ्य केन्द्र या 7 किमी दुर तहसील मुख्यालय गुरूर स्थिति सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर निर्भर है। ग्रामीणों की परेशानियों को देखते हुये 90 वर्षीय संत गुरुसुख साहेब ने 50 लाख की लागत से सर्वसुविधा युक्त भवन का निर्माण कराया। जिसमें मरीजों व परिजनों के बैठने के लिए बड़ा बरामदा, महिला एवं पुरुष के लिए दो हाल, एक बड़ा हाल डॉक्टरों के बैठने के लिए कक्ष, ऑपरेशन कक्ष, प्रसूति कक्ष, इंजेक्शन कक्ष, नसोंर् के लिए, ड्रेसिंग के लिए कक्ष, दवाई वितरण व दवाई रखने के लिए बड़ा हाल का निर्माण कराया, महिला व पुरूश के लिए पृथक–पृथक शौचालय की भी सुविधा हैं। किसी ने कहा फर्नीचर की व्यवस्था कर दोगे तो अस्पताल खुल जाएगा, संत ने फर्नीचर की भी व्यवस्था कर दी। जो वशोंर् से धुल खाकर खराब हो रहे हैं। ▶▶| शेष पेज 11 पर

## 90 वर्षीय संत की अंतिम इच्छा अधूरी



### त्याग और सेवा से भरा संत का जीवन



गुरुसुख साहेब की इच्छा है कि अपने जीवनकाल में अस्पताल में रोगियों को स्वास्थ लाभ मिलते देख सकूं। इधर स्वास्थ्य विभाग ने मामले में शासन को पत्र लिख कर कहा है कि नियमों को शिथिल करते हुये ग्राम दुपचेरा में उप स्वास्थ्य केन्द्र खोला जा सकता है। यह पत्र उन्होंने 2025 में उच्च कार्यालय को प्रेषित किया है। बताना प्रासंगिक होगा कि विकास खण्ड गुरूर में वर्तमान में ग्राम अरमरीकला एवं ग्राम पुरूर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के साथ उप स्वाथ्य केन्द्र भी संचालित है। इन ग्रामों के उप स्वास्थ्य केन्द्रों में से किसी एक को ग्राम दुपचेरा में स्थापित किया जा सकता है। इससे शासन प्रशासन को कोई वित्तीय भार नहीं होगा एवं हजारो ग्रामीणों को सस्ता शुलभ स्वास्थ्य सुविधा मिल सकेगी।

## कार्रवाई

### ट्रकों से 560 लीटर डीजल चोरी का मामला

# अंतर्राज्यीय डीजल चोर गिरोह का पर्दाफाश, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

डीजल चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह को पकड़ने में बालोद पुलिस को बड़ी सफलता मिली। आरोपीगणों के खिलाफ थाना बालोद, अर्जुन्दा सहित और भी मामलें दर्ज है। गिरफ्तार दो आरोपियों को जेल भेजा गया। प्रकरण में अन्य आरोपीगणों का पता तलाश जारी।

■ मध्यप्रदेश से आकर बालोद में वारदात को देते थे अंजाम

लगातार क्षेत्र में हो रही चोरी को रोकने व आरोपियों को पकड़ने हेतु निरीक्षक शिशुपाल सिन्हा व सायबर सेल प्रभारी धरम भुआर्य के नेतृत्व में विशेष टीम गठित किया गया था।

मामले में ग्राम नेवारीखुर्द मे 4 जून की रात्रि में ट्रक क्र. सीजी 19 बी यु 5241, ट्रक क्रमांक सीजी 04 एनजेड 8509 की डीजल टंकी से कुल 560 लीटर डीजल अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 303(2), 3(5), 317(2), 112(2) बीएनएस कायम किया गया था। डीजल चोरी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए गठित विशेष टीम के द्वारा झलमला के पास



नाकेबंदी कर वाहनों की चेकिंग की जा रही थी, तभी एक संदिग्ध वाहन स्वीप्ट डिजायर क्रमांक एमपी 09 सीजे 6475 मिली, जिसमें तीन व्यक्ति सवार थे, जिसका चालक पुलिस टीम को देखकर गाड़ी से उतरकर भागने लगा, अन्य दो सवार भी गाड़ी से उतर कर भाग रहे थे, जिसे पुलिस टीम के द्वारा दौड़ाकर पकड़ा गया, जिन्होने अपना नाम ग्राम छापीहेडा प्राथमिक स्कुल के पास थाना सिटी कोतवाली शाजापुर जिला शाजापुर (म.प्र.) निवासी शिवपाल उर्फ शिवा वाल्मिकी पिता पीरुलाल वाल्मिकी 19 वर्ष, ग्राम छापीहेडा थाना सिटी कोतवाली शाजापुर जिला शाजापुर (म.प्र.) निवासी देवेन्द्र विश्वकर्मा पिता राधेश्याम विश्वकर्मा 25 वर्ष एवं फरार वाहन चालक का नाम समीर मेवाती निवासी दुपाड़ा मध्यप्रदेश का रहने वाला बताया।

पुलिस ने बताया कि उक्त तीनो आरोपीगण इस माह 01 तारीख आकर भिलाई में होटल में रूके थे, मुख्य आरोपी शिवपाल अपने साथ समीर मेवाती को ड्रायवरी काम करने के लिये 500 रू एक गेलन डीजल 35 लीटर चोरी में सहयोग करने पर देने के लिये तैयार कर साथ लेकर आया था। तीनो 03 जून से 07 जून तक रोज रात्रि करीबन 11–12 बजे बालोद क्षेत्र में आकर सड़क किनारे खड़ी ट्रको के डीजल टंकी को तोड़कर उससे डीजल निकालकर चोरी किये है। जिसे भिलाई ले जाकर उसे बेचना बताया। आरोपीयो ने चोरी किये गये डीजल बिक्री की रकम से दो लाख रूपये से स्कार्पियों क्रमांक सी.जी.10 एफए.1228 को खरीदना तथा डीजल चोरी कर बेचकर मिले हुऐ रकम लगभग 80,000 रू को भिलाई के एजेंट के माध्यम से अपने मां के पंजाब नेशनल बैंक के खाता में भेजना बताया, वही कुछ डीजल को सेक्टर 6 भिलाई के खण्डहर मकान के पास छुपा के रखना बतायां। 10–11 जून के रात्रि को भी 03 खाली गेलन लेकर ये तीनो आरोपीगण बालोद की ओर चोरी करने आये थे, तभी बालोद पुलिस चेंकिंग के दौरान पकड़े गए।

आरोपीगणों के कब्जे से एक सफेद रंग स्वीप्ट डिजायर कार क्र. एमपी 09 सीजे 6475 एवं 03 खाली गेलन, 02 नग प्लास्टिक पाईप, 01 नग मोबाईल को जप्त कर आरोपी के निशानदेही पर सेक्टर 06 भिलाई जाकर आरोपी के बताये अनुसार सुमो क्रमांक सी.जी.07–0563, एवं 14 नग 35 लीटर वाले प्लास्टिक के गेलनों मे भरे डीजल कुल मात्र 490 लीटर जप्त किया गया है। आरोपियानो ▶▶| शेष पेज 11 पर

# गिट्टी से भरा हाइवा नाली में पलटा, चालक घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग से बालोद रोड पर अंडा स्थित श्री जी पेट्रोल पंप के पास देर रात एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। गिट्टी से भरा एक हाईवा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे नाली में जा घुसा और पलट गया।

■ अंडा में देर रात हादसा: गिट्टी से भरा हाईवा पलटा, ड्राइवर को झपकी आने की आशंका

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, हाईवा चालक को झपकी आने की वजह से वाहन का संतुलन बिगड़ गया, जिससे यह हादसा हुआ। हादसे के समय सड़क पर ज्यादा आवाजाही नहीं होने से बड़ा नुकसान टल गया।

घटना में चालक को मामूली चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों की मदद से उसे सुरक्षित बाहर निकाला गया। हादसे के बाद कुछ समय के लिए मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही लगातार बनी रहती है, ऐसे में चालकों को सावधानी बरतने की जरूरत है ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# संजारी क्लब में अव्यवस्थाओं का अंबार, सफाई व्यवस्था बदहाल

## परिसर में फैली गंदगी







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शहर के संजारी क्लब में अव्यवस्था का अंबार लगा हुआ है जहां बच्चो के झूले टूटे हुए तो पौधे गर्मी में पानी के लिए तरस रहे है। जहां प्रसाधन में कूड़े करकट का वास है।

शहर के बीचो बीच स्थित चौपाटी केन्द्र के रूप में चर्चित शहर के संजारी क्लब की स्थिति दिन ब दिन खराब होती जा रही है, जहां साफ सफाई के नाम पर खानापूर्ति करते हुए थोड़ी बहुत साफ सफाई करने के अलावा क्लब में कोई भी कार्य दिखाई नही देता है।

■ प्रसाधन कक्ष में गंदगी का अंबार, उपयोग से कतराते लोग

जहां क्लब में विभिन्न पौधे तो लगाए गए थे लेकिन कई पौधे गर्मी में पानी ना मिलने के कारण सूख गए है, जहां थोड़े बहुत जो पेड़ पौधे बचे हुए है उनमें कई गिर रहे है क्लब में टूटकर गिरे हुए पेड़ो की डालियो को भी साफ करने वाला कोई नही है।

वही क्लब में सुबह शाम पालक अपने बच्चो को खेलने के लिए लाते है, ताकि बच्चो का शारीरिक विकास हो सके, लेकिन क्लब में कई खेल के सामान ऐसे है जो बीमार अवस्था में है तथा उनकी स्थिति अत्यंत खराब है, जो कभी भी बड़ी घटना का कारण बन सकती है, ऐसे में संजारी क्लब की ओर नगर पालिका के जिम्मेदारो द्वार ध्यान नही देने के कारण क्लब में लगे खेल सामग्रियो को भी बदलने तथा क्लब को सुव्यवस्थित कर उस ओर ध्यान देने वाला कोई नजर नही आता, जिसके कारण क्लब की स्थिति दिन ब दिन बद्तर होती जा रही है। क्लब में पहुंचने वाले पालक व बच्चों के लिए क्लब के एक कोने में प्रसाधन कक्ष तो बनाया गया है, लेकिन यह प्रसाधन कक्ष सड़े पत्तो से ढंक चुका है तथा प्रसाधन कक्ष में गंदगी का अंबार है, जहां जाने के लिए भी लोगो को सोचना पड़ जाए।

ऐसे में इस ओर ध्यान देकर जर्जर खेल सामग्रीयो को बदलना अत्यंत आवश्यक हो गया है, जहां कई खेल सामग्री टूट फूट स्थिति में पहुच चुकी है, जिसमे जैसे तैसे पालक अपने बच्चो के मनोरंजन के लिए खेल खिलाने को मजबूर रहते है। क्लब में पूर्व में लगाए गए लाईटे तो गायब हो चुकी है, लेकिन जमीनी स्तर पर किए गए वायरिंग वर्तमान में भी है जो अब बारिश के दिनो में क्लब में पहुंचने वाले पालक व बच्चो के लिए खतरा साबित हो सकती है।

# सड़क हादसे में पालिका कर्मी वामेन साहू की मौत

**बालोद।** शनिवार को बस को ओवरटेक करने के चक्कर में हुई दो बाइक की आमने सामने भीड़त में गंभीर रूप से घायल पाररास वार्ड क्रमांक 1 निवासी वामेन साहू 35 वर्ष का निधन हो गया। अन्य घायल दो का ईलाज जारी है।



शनिवार को पाररास वार्ड क्रमांक 1 निवासी पालिका में प्लेसमेंट कर्मचारी वामेन साहू 35 वर्ष का काम से लौटते समय मधु चौक के पास बस को ओवरटेक करने का प्रयास किया। इस दौरान सामने से आ रही बाइक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वामेन उछलकर दूसरी बाइक के फुटरेस्ट पर जा गिरा था और लोहे का हिस्सा उसके सिर में घुस गया था। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे निकालने की काफी कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद कटर मशीन मंगाकर फुटरेस्ट को काटा गया। घायल को फुटरेस्ट सहित एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसे रिफर कर दिया गया था। अस्पताल पहुंचने के पहले ▶▶| शेष पेज 11 पर

# नर्रा पहुंच मार्ग की बदहाल सड़क बनी मुसीबत मरम्मत कार्य की गुणवत्ता पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में प्रधानमंत्री ग्राम संड़क योजना की सड़कों का हाल ठेकेदारों की मेहरबानियों पर टिका है। विभाग का दावा है कि ठेकेदार मरम्मत कर रहा है, पर धरातल पर मरम्मत की तस्वीर ठेकेदार की मनमानी व विभाग की उदासीनता की सच्चाई बयां कर रहा है।

■ शोल्डर नीचे होने से बढ़ा दुर्घटना का खतरा

मामला विकासखण्ड के नर्रा पहुंच मार्ग का है। राष्ट्रीय राजमार्ग 930 से ग्राम नर्रा रानीमाई तक सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से बनी है। वर्तमान में सड़क की जर्जर स्थिति में ठेकेदार द्वारा संधारण कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि संधारण कार्य की गति एवं गुणवत्ता राहगिरों के लिए परेशानी व दुर्घटना का कारण बन रही है। सड़क दर्जनों जगहों से





उखड़ रही है। जहां सीमेंटीकृत सड़क बनाई गई है वहां की सड़के कई स्थलों से टूट गई है। जिसकी मरम्मत नहीं की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि मरम्मत कार्य रूक–रूक कर हो रहे हैं। कुछ दिन मरम्मत कार्य कर ठेकेदार के लोग लापता हो जाते हैं। वर्तमान में सड़क में शोल्डर मरम्मत की आव"यकता है। डामर सड़क से शोल्डर नीचे हो गया है जो दो पहिया वाहन चालको के लिए ज्यादा खतरनाक हो गया है। कुछ जगहों में सड़क दब रही है, जहां पर पेंचवर्क करने की मांग ग्रामीण कर रहे है। डामर सड़क में कुछ जगहों में वह फट रही है, जिसे पूरा उखाड़कर पेंचवर्क करने की मांग ग्रामीण कर रहे है। यह सड़क ग्रामीण सड़क है लेकिन इस सड़क में बड़े, भारी मालवाहन को आसानी से देखा जा सकता है। विभाग के एसडीओं गणेश राव पवार ने कहा सड़क का संधारण कार्य ठेकेदार द्वारा लगातार किया जा रहा है। मैंने ठेकेदार को बीटी के किनारे मुरूम डालने कहा है। आगे भी मरम्मत कार्य जारी रहेगा।

## पाइपलाइन बिछाने के बाद टूटी सड़कें, मरम्मत का इंतजार

# चार साल से अधूरी पड़ी पानी टंकी, पेयजल संकट से जूझ रहे ग्रामीण, हादसे का भी खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रत्येक घर में शुद्ध पेयजल पहुंचाने की योजना बालोद जिला के सभी विकासखण्डो में लगभग दम तोड़ने जैसी स्थिति में आ गया है। विकासखण्ड गुरूर, गुण्डरदेही के बाद अब बालोद विकासखण्ड के ग्रामो में भी पानी टंकियो की अपूर्णता की तस्वीरे सामने आ रही है। ग्रामों में पानी टंकियों की जर्जर स्थिति से शासन प्रशासन को लगातार अवगत कराने के बाद भी न काम हो रहे हैं न व्यवस्था सुधर रही है, जिससे ग्रामीण पेयजल के लिए जूझ रहे हैं। ताजा मामला

■ अधूरे कार्यों ने हर घर जल योजना की प्रगति पर खड़े किए सवाल



विकासखण्ड बालोद के ग्राम पंचायत नर्रा के आश्रित ग्राम धरमपुरा का है। जहां बीते चार साल से बन रही पानी टंकी ग्रामीणो को मुंह चिढ़ा रही है। बीच–बीच में ठेकेदार कुछ दिन कार्य करते हैं, ऐसा लगता है कि अब कार्य पूरा हो जाएगा, फिर महीनो गायब हो जाते है।

बीते चार सालों से यही स्थिति है। चार साल में चार पीलर ही खड़े हुए हैं, वह भी अधूरे। वर्तमान में यहां सीढ़ी बनाने का कार्य छः माह पूर्व किया गया, उसके बाद ठेकेदार फिर गायब हो गया। पानी टंकी में बांस बल्ली लगी हुई है। उसमें प्लेट भी लगाना प्रारंभ कर दिया गया है। सभी बिना किसी ठोस आधार व दबाव के लगे हुए हैं, जिसके आंधी–तुफान में गिरने का खतरा बना हुआ है। जहां टंकी बन रही है पास ही ग्रामीणों का घर है एवं सड़क है। जिससे बांस बल्ली तथा टीन के प्लेट गिरने से कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है। ग्राम में ठेकेदार ने पाईप लाईन बिछाया है। पाईप लाइन बिछाने के दौरान गलियों की सीमेंटीकृत सड़क को तोड़ गया था, वर्शो से यह टूटी स्थिति में है, जिसे अब तक बनाया नही गया है। ग्रामीण उन गड्ढों में मूरूम डालकर चलने लायक बनाते हैं। लेकिन बारिश में परेशानी होगी, क्योंकि इससे कीचड़ होने की स्थिति बन जाती है। ग्राम के लगभग 700 की आबादी के लिए पंचायत ट्यूबवेल से सीधे पानी दे रही है, वह भी आधे घरों में, शेश स्टैण्ड पोस्ट या हैण्डपंप के सहरे है। सरपंच निशा साहु ने बनाया कि टंकी मेरे पदभार लेने के पहले से बन रही है। इसके संबंध में कोई भी जानकारी विभाग द्वारा पंचायत को नहीं दी ▶▶| शेष पेज 11 पर

# महापौर रामू ने मकेश्वर वार्ड को 19.17 लाख के विकास कार्यों की सौगात दी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मकेश्वर वार्ड में नागरिक सुविधाओं के विस्तार हेतु शिव मंदिर के पास 15.40 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन तथा शिव मंदिर के सामने 3.77 लाख रुपये की लागत से बनने वाले शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निगम सभापति श्रीमती कौशिल्या देवांगन ने की। विशिष्ट अतिथि लोक निर्माण विभाग के सभापति विजय मोटवानी थे।

इस अवसर पर महापौर श्री रोहरा ने कहा कि सामुदायिक भवन के निर्माण से वार्डवासियों को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए एक बेहतर स्थान उपलब्ध होगा। मंदिर के सामने बनने वाले शेड से श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी तथा धार्मिक आयोजनों के दौरान लोगों को विशेष लाभ प्राप्त होगा।

सभापति कौशिल्या देवांगन ने कहा कि जनभावनाओं के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। नगर निगम का प्रयास है कि शहर के सभी वार्डों में नागरिक सुविधाओं का विस्तार हो और लोगों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

विजय मोटवानी ने कहा कि मकेश्वर वार्ड में कराए जा रहे विकास कार्य क्षेत्र के नागरिकों की लंबे समय से चली आ रही आवश्यकताओं को पूरा करेंगे। शिव मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण एवं मंदिर के सामने शेड निर्माण से सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को नया आयाम मिलेगा।

कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य निलेश लूनिया, अखिलेश सोनकर, युगल यादव, हिमानी साहू, पार्षद अज्जू देशलहरे, कुलेश सोनी, हेमंत बंजारे, मेघराज ठाकुर, अनीता अग्रवाल एवं चंद्रभागा साहू सहित गणमान्यजन प्रकाश लहरे, जितेन्द्र साहू, अनूप लोधी, मनोज विश्वकर्मा, शंकर मानिकपुरी, मनोज यादव, देवराज पटेल, नरेन्द्र नागरची, भरत ढीमर, कुलेश्वर शामिल हुए। मकेश्वर वार्ड की पार्षद श्रीमती आशा लोधी ने आभार व्यक्त किया।

**सामुदायिक भवन एवं शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन**



## जिस व्यक्ति की जमीन पर टॉवर लगा, उसे 15 साल से नहीं मिली है राशि

# नेटवर्क समस्या से मेचकावासी परेशान, बीएसएनएल टावर बंद



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम मेचका में मोबाइल नेटवर्क की गंभीर समस्या से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में वर्षों पहले बीएसएनएल का टावर स्थापित किया गया था, लेकिन आज तक उसे चालू नहीं किया गया है। टावर केवल शोपीस बनकर खड़ा है, जिससे लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। रोहित साहू ने बताया कि उसकी जमीन पर टॉवर लगा है। 15 साल से जमीन की लीज राशि नहीं मिली है। अगर टॉवर चालू नहीं हो सकता तो कंपनी वाले टॉवर का सामान निकाल ले जाएं ताकि उस जमीन पर कृषि कार्य किया जा सके

सूत्रों के अनुसार ग्राम मेचका के नाम पर टॉवर चालू बताया जा रहा है जिसके कारण अन्य कंपनी उस गांव में टॉवर नहीं लगा सकती जिससे यहां के लोग अन्य नेटवर्क सुविधा से वंचित हैं। वहीं आसपास स्थित जिओ टावर का नेटवर्क भी बेहद कमजोर है, जिससे कॉलिंग और इंटरनेट सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।

### जरूरी काम समय पर नहीं हो पा रहे

गौरतलब है कि मेचका गांव के पास ही सोंढूर बांध एवं मुचकंद ऋषि बाबा का पहाड़ है, जहां दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। लेकिन नेटवर्क सुविधा के अभाव में उन्हें भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या की जानकारी कई बार उच्च अधिकारियों को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। नेटवर्क की कमी का असर गांव के विकास कार्यों पर भी पड़ रहा है। पंचायत कार्य, स्कूलों में ऑनलाइन पढ़ाई, आंगनबाड़ी सेवाएं सहित कई जरूरी काम समय पर नहीं हो पा रहे हैं। डिजिटल युग में नेटवर्क की अनुपलब्धता से ग्रामीण खुद को पिछड़ा महसूस कर रहे हैं।

### बेहतर हो संचार सुविधा

सरपंच जीवन नाग, विनय साहू, गौरव, विकास, झमेश सेन, बिरू पटेल, नवीन प्रजापति, पप्पू प्रजापति, राहुल, रामभुवन, रवि कुमार, यशकरण, चंदू , देवकुमार ने बताया कि बीएसएनएल टावर को शीघ्र चालू कराया जाए तथा अन्य नेटवर्क कंपनियों के टावरों की रेंज बढ़ाई जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को बेहतर संचार सुविधा मिल सके और विकास कार्यों में गति आ सके।



# महापौर एवं भाजपा पदाधिकारियों ने प्रबुद्धजनों से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

■ स्वागत सम्मान कर विभिन्न सामाजिक विषयों पर चर्चा की

भाजपा द्वारा चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत महापौर रामू रोहरा एवं भाजपा जिला महामंत्री महेन्द्र पंडित ने भोथली मंडल के डोड़की एवं शंकरदाह में समाज के प्रतिष्ठित एवं प्रबुद्धजनों से भेंट की तथा केंद्र की मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की।

इस दौरान लोक कलाकार मनमोहन सिन्हा, आकाशवाणी कलाकार लोकेश साहू, प्रसिद्ध गायक-संगीतकार सुश्री दीपा निषाद, रामायणी एवं सेवानिवृत्त प्रधानपाठक बिसरू राम सिन्हा तथा शिक्षिका श्रीमती तारामती बैद से मुलाकात कर उनका सम्मान किया गया एवं विभिन्न सामाजिक विषयों पर सार्थक चर्चा की गई।

महापौर श्री रोहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन एवं जनकल्याण के नए आयाम स्थापित किए हैं। सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है।

महेन्द्र पंडित ने कहा कि विशेष जनसंपर्क अभियान का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों के बीच पहुंचकर उनकी राय जानना तथा केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना है। भाजपा सदैव समाज के प्रत्येक वर्ग के साथ संवाद एवं सहयोग की भावना से कार्य करती रही है। मुलाकात के दौरान प्रबुद्धजनों ने देश के विकास एवं जनकल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए अपने विचार एवं सुझाव भी साझा किए।

मौके पर मंडल अध्यक्ष मिश्रीलाल पटेल, महिला मोर्चा जिला महामंत्री प्रियंका सिन्हा, हेमंत साहू, अशोक साहू, सीता ध्रुव, किशोर साहू, राजकुमार सिन्हा, चंद्रहास सिन्हा, रामकृष्ण ध्रुव, ऋषभ सिन्हा, दीप्ति साहू, केशरी, मीना ध्रुव उपस्थित थे।

# शबरी भक्ति प्रसंग ने किया श्रद्धालुओं को भावविभोर




हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

■ हर-हर महादेव महिला मंडल ने आयोजित की है रामकथा

हर- हर महादेव महिला मंडल कुरूद द्वारा आयोजित रामकथा उत्सव में बाल योगी विष्णु अरोरा ने कहा कि निर्मल भक्ति ही प्रभु प्राप्ति का सरल और सफल मार्ग है। उन्होंने शबरी की सच्ची भक्ति और प्रेम का वर्णन करते हुए कहा कि शबरी की भक्ति भगवान के प्रति अटूट विश्वास, प्रेम और समर्पण का अनुपम उदाहरण है।

कथा प्रवक्ता ने शबरी द्वारा भगवान श्रीराम को प्रेमपूर्वक अर्पित किए गए बेरों का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि भगवान भक्त के भाव को महत्व देते हैं। शबरी ने बेरों को चखकर मीठे बेर प्रभु श्रीराम को अर्पित किए, जिसे भगवान ने प्रेम और श्रद्धा के साथ स्वीकार किया। यह प्रसंग हमें सच्ची भक्ति और समर्पण का संदेश देता है। कथा के दौरान भगवान श्रीराम के तुलादान का सजीव चित्रण भी किया गया। तुलादान में स्वर्ण-रजत आभूषण, पारंपरिक परिधान, पंचमेवा, काजू, किसमिस, बादाम, पिस्ता, छुआरा सहित विभिन्न मिष्ठानों का उपयोग किया गया।

रामकथा श्रवण करने जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर, आशीष शर्मा सहित रमेश केला, नवलकिशोर केला, रामकिशोर केला, भीखम चंद केला, अरुण केला, हितेंद्र केला, विनोद राठी, आनंद राठी, लालचंद राठी, विजय केला, हरीश केला, रश्मि केला, गीता केला, चंदा केला, आशा केला, बिमला केला, मनीषा केला, गुलाब राठी, खुशबू भूतड़ा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# बिलासपुर के मनीष और आरंग की पुष्प प्रीति ने मारी बाजी






हरिभूमि न्यूज ⏭बगदेही(धमतरी)

■ कोर्रा में हुई महामैराथन में धावकों ने दिखाया दम

डीजी ट्रेनिंग अकादमी एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम कोर्रा में महामैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। महा मैराथन दौड़ पुरुष वर्ग में 8 किमी एवं महिला वर्ग में 5 किमी थी। पुरुष वर्ग में प्रथम मनीष कुमार चपोड़ा बिलासपुर (24 मिनट 6सेकंड), द्वितीय भावेश सलाम, तृतीय राजेश मरावी , चतुर्थ सूरज निषाद, पंचम समीर कुमार, षष्ठम देवेंद्र सिन्हा, सप्तम तरुण मिलपार रहे। महिला वर्ग में प्रथम पुष्प प्रीति साहू आरंग रायपुर (17 मिनट 6 सेकेंड), द्वितीय दुर्गेश, तृतीय तमन्ना साहू, चतुर्थ भाविका निषाद, पंचम स्थान जागेश्वरी ने अर्जित किया। पुरुष वर्ग में प्रथम इनाम 5 हज़ार व महिला वर्ग में 2 हजार था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी जेपी देव (खेल एवं युवा कल्याण विभाग धमतरी), विशिष्ट अतिथि ओंकार पटेल व्यायाम शिक्षक संबलपुर, चोवाराम साहू , बंशी लाल साहू, खोमन साहू, सुरेश निषाद व्यायाम शिक्षक पचपेड़ी, तेजेश्वर टंडन व्यायाम शिक्षक कोर्रा, मनोज साहू व्यायाम शिक्षक भखारा, समीर गौर फ्रीडम अकादमी भखारा, टिक्की निर्मलकर क्रीड़ा भारती संघ, हरबंश साहू शिक्षक, सत्यवान साहू शिक्षक, भेषज साहू शिक्षक, भोज साहू शिक्षक, नीलम साहू शिक्षक, छत्रपाल साहू शिक्षक थे। भखारा थाना से गणेश पटेल, नीरज कुमार ध्रुव उपस्थित थे। इन्होंने मैराथन दौड़ में सुरक्षा प्रदान की।कार्यक्रम की अध्यक्षा अकादमी के संस्थापक व्यायाम शिक्षक गुलशन साहू ने की। खिलाड़ियों को स्प्राउड रिफ्रेशमेंट दिया गया।

# योग विषय को चिकित्सा शिक्षा विभाग में शामिल करने से हर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रसिद्ध योग संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने महापौर रामू रोहरा से भेंटकर उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गत दिनों कैबिनेट की बैठक में योग विषय को समाज कल्याण विभाग से हटाकर चिकित्सा शिक्षा विभाग में शामिल करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इस मंजूरी से पूर्व कुछ माह पहले महापौर के माध्यम से योग अभ्यासिका रूचि साहू ने धमतरी प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंट की थी। मुख्यमंत्री को योग के बारे में अवगत कराकर योग विषय को स्कूलों में पाठ्यक्रम के रूप में शामिल कर विषय के रूप में पढ़ाने का निवेदन किया था। योग के महत्व को लोगों तक पहुंचाने और प्रोत्साहित करने जनप्रतिनिधि के रूप में रामू रोड़ लगातार कार्य कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### योग के क्षेत्र में उभर रही केनिष्का सिंह

**धमतरी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शहर की बाल योग साधिका केनिष्का सिंह गौतम अपनी प्रतिभा और समर्पण के कारण चर्चा में हैं। वर्तमान में कक्षा सातवीं में अध्ययनरत केनिष्का ने तीसरी कक्षा से ही योगाभ्यास शुरू किया और निरंतर अभ्यास के बल पर योग के क्षेत्र में उल्लेखनीय पहचान बनाई है। उन्हें योग की प्रेरणा उनकी माता एवं योग प्रशिक्षक श्रीमती उत्तरा सिंह गौतम से मिली। बचपन से योगमय वातावरण मिलने के कारण उन्होंने इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लिया। पारिवारिक चुनौतियों और पिता के निधन के बावजूद केनिष्का ने हौसला नहीं खोया। वह प्रतिदिन सुबह 5 बजे उठकर नियमित योगाभ्यास करती हैं। गुरु उमराव के मार्गदर्शन में वे विभिन्न योगासन एवं प्रतियोगिताओं की तैयारी कर रही हैं। उनकी मेहनत का परिणाम यह रहा कि वे जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिताओं में गोल्ड मेडल हासिल कर चुकी हैं। केनिष्का की उपलब्धियां अन्य बच्चों के लिए प्रेरणास्रोत बन रही हैं।

### दिव्यांग अधिकारियों ने उप मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ निःशक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष सीएम दीक्षित के नेतृत्व में दिव्यांग अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव को विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में लोक निर्माण विभाग, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा सिंचाई विभाग सहित उन सभी पदों को आरक्षण प्रावधान के तहत शीघ्र पदोन्नति से भरने की मांग की गई, जिन्हें पदोन्नति के माध्यम से भरा जाना है। साथ ही स्थानांतरण प्रक्रिया में दिव्यांग कर्मचारियों के प्रति पारदर्शिता बरतते हुए उनकी सुविधा के अनुरूप उचित पदस्थापना सुनिश्चित करने की मांग भी रखी गई। घनश्याम सिंह साहू ने बताया कि उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने मांगों पर सकारात्मक विचार कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान सीएम दीक्षित, महेश साहू, डॉ. रवि पटेल और अमितेश्वर टेगवार उपस्थित रहे।

### कोरर में निः शुल्क छह दिनी योग शिविर 16 से

**धनेलीकन्हार।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में पतंजलि योग समिति कोरर द्वारा 16 से 21 जून तक कृषि उपज मंडी प्रांगण कोरर में छह दिवसीय निःशुल्क योगाभ्यास शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर प्रतिदिन सुबह 5 से 7 बजे तक चलेगा, जिसका शुभारंभ ग्राम पंचायत कोरर की सरपंच कंचन ठाकुर करेंगी। योग शिक्षक रामसिंह धनकर एवं बिहारी लाल यदु कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार योग, प्राणायाम और ध्यान का प्रशिक्षण देंगे। 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भव्य सामूहिक योग प्रदर्शन होगा।

### दुख में धैर्य और विश्वास ही मनुष्य को संभालते हैं

**धमतरी।** प्रेमप्रकाश आश्रम में चल रहे आचार्य सद्गुरु स्वामी टेऊंराम जी महाराज के चालीहा महोत्सव के पांचवें दिन चालीसा पाठ एवं सत्संग का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ हुआ। यह आयोजन रात्रि 9.30 बजे से 10.45 बजे तक श्री चुंगानी परिवार के रमेशलाल, जितेन्द्र कुमार एवं विनोद कुमार द्वारा कराया गया। कार्यक्रम की शुरुआत चालीसा पाठ से हुई, जिसके बाद संत लोकेश ने सत्संग में आचार्य सद्गुरु स्वामी टेऊंराम महाराज के सद्उपदेशों का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जीवन में भगवान पर दृढ़ विश्वास रखना अत्यंत आवश्यक है। संत लोकेश ने मधुर स्वरों में भजन भगवान पर हमेशा विश्वास धर प्यारा प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि जीवन में सुख और दुःख दोनों आते हैं, लेकिन हर परिस्थिति में भगवान का स्मरण और उन पर अटूट विश्वास बनाए रखना चाहिए। दुख के समय धैर्य और विश्वास ही मनुष्य को संभालते हैं।

## पेज 9 के शेष

### 50 लाख का अस्पताल तैयार...

संत ने वहां ट्यूबवेल का खनन भी करा दिया, लेकिन अस्पताल नहीं खुला। संत दिनेन्द्र दास ने बताया संत गुरुसुख साहेब कबीर निर्णय मंदिर दुपचेरा के संस्थापक हैं। संत गुरुसुख साहेब का जन्म 1 जनवरी 1936 में ग्राम दुपचेरा में हुआ। पूर्व का नाम सुखदास था। उनकी माता सोनई बाई, पिता लतेल थे। पढ़ाई प्राथमिक शाला तक रही। बाल्यावस्था में ही बाल विवाह हो गया। अपनी संगिनी सोनाबाई के साथ कुछ दिन रहे, कोई संतान नहीं हुई। किशोरावस्था से ही साधु संतों की संगत करते रहे, 1961 में अध्यापक साहेब से भक्त दीक्षा कंठी माला लिए और सन 1964 में गृहत्याग कर कबीर निर्णय मंदिर बुरहानपुर चले गये। सन 1965 में आचार्य गुरुशरण साहेब द्वारा साधुवेश हुआ। साहेब जी के त्याग मार्ग में चले जाने के पश्चात कुछ दिन सोनाबाई अपने मायके ठेकवाडीह में रही। गुरुसुख साहेब को लगभग 10 एकड़ पैतृक जमीन मिली। साहेब जी के अनुमति से सोना बाई गांव दुपचेरा तालाब किनारे स्वयं की जमीन में आश्रम बना कर अकेली रहकर संतों की सेवा, साधना, भजन करने लगी। 2015 में उसे लकवा हो गया। असमर्थता की स्थिति देख चिचोला कबीर निर्णय मंदिर बुरहानपुर से गुरुसुख साहेब को बुलाया गया। साहेब जी दुपचेरा आये और यहां आश्रम की व्यवस्था देखने लगे ।

18 मई 2018 में साध्वी सोना बाई के स्वर्गवास के बाद 2021 में जनहित हेतु अस्पताल भवन बनाकर शासन को सौंप दूंगा, ग्रामीणों ने भी 25 डिसमिल जमीन दे दिया। दिनेन्द्र दास ने बताया कि तात्कालिक मुख्यमंत्री के संज्ञान में अस्पताल बनाना प्रारंभ किया। अस्पताल भवन बनने के बाद संत गुरुसुख साहेब मुख्यमंत्री, मंत्रियों के पास गांव वालों के साथ पहुंचे, सचिवालय का भी चौखट खटखटाये। 90 वर्ष की उम्र में संत शासन प्रशासन का चक्कर लगा रहे है।

### अंतर्राज्यीय डीजल चोर ...

द्वारा सुनियोजित तरीके से संघटित होकर कई स्थानो में अपराध कारित करना पाये जाने से प्रकरण में धारा 317(2), 3(5), 112(2) जोंडी गई। प्रकरण के आरोपीगणों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। प्रकरण में आरोपी समीर मेवाती एवं अन्य आरोपीगणों की पता तलाश किया जा रहा है। आरोपीगणों के खिलाफ थाना बालोद में पंजीबध्द अन्य अपराध के तहत अपराध तहत मामला पंजीबद्ध है।

### चार साल से अधूरी ...

गई है। कार्य अधूरा होने से जल आपूर्ति मे परेशानी हो रही है। पंचायत स्वयं की व्यवस्था से जल आपूर्ति कर रही है।

### सड़क हादसे में पालिका ...

ही मार्ग में उसका निधन हो गया। नगर पालिका द्वारा अपने स्वर्गवासी कर्मचारी को श्रद्धाजली अर्पित करते हुए ससम्मान स्वर्ग रथ के माध्यम से उसकी अंतिम यात्र में सम्मिलित हुए। मिली जानकारी के अनुसार वामेन साहू नगर पालिका में स्वच्छ भारत मिशन के तहत हेल्पर के रूप में कार्यरत था। पिता का निधन हो चुका है। परिवार में मां, पत्नी और दो बेटे हैं।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### खेत में लगे बोर मोटर पंप को लगाई आग

**बालोद।** खेत में लगे मोटर पंप में आग लगा दी। जिसके बाद पीड़ित किसान ने आगजनी करने वाले के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 326(एफ) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम खलारी के कृशक शंकर नगर रेल्वे कालोनी वार्ड न0 19 बालोद निवासी शिक्षक फलेश कुमार देवांगन ने पुलिस को बताया कि ग्राम खलारी में मेरे नाम से कृषि भूमि स्थित (खाड पखना) में मेरा खेत है। जिसमें कृषि कार्य हेतु 04 जून को पुराना नलकूप में नया मशीन एवं नल फिटिंग कराकर वापस मै निवास स्थान बालोद आ गया था। 5 जून के प्रातः गांव के सोनू साहू मुझे फोन लगाकर बताया कि आपके खेत में लगे नल को किसी अज्ञात व्यक्ति ने आग लगाकर जला दिया है, मै ग्राम खलारी अपने खेत में जाकर देखा तो मशीन बॉक्स का ताला टुटा हुआ था तथा अंदर बॉक्स में लगे मशीन जल चुका था, बोर मोटर मशीन में लगे केबल वायर लगभग 300 फीट जल गया था, 10 दिन पूर्व खेत में रखे प्लास्टिक पाईप 35 नग को भी किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा जला दिया था। अज्ञात व्यक्ति के द्वारा मेरे खेत में लगे बोर मशीन एवं पाईप को जलाने से मुझे लगभग 53000 रूपये का नुकसान हुआ है। जिसका मै पता तलाश करने के बाद आज 12 जून को थाना आकर रिपोर्ट कर रहा हूं।

### ट्रक से 320 लीटर डीजल चोरी, अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज

**बालोद।** धान ले जा रहे ट्रक से अज्ञात चोरो ने 320 लीटर डीजल की चोरी कर ली। जिसके बाद अज्ञात चोर के खिलाफ पीड़ित व्यक्ति ने रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 303 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। राईस मिल आमापारा मैनेजर वार्ड क्रमांक 12 आमापारा बालोद निवासी दिनेश यादव ने पुलिस को बताया कि राईस मिल के ट्रक सीजी 07 बीएन 2094 धान संग्रहन का कार्य में लगा हुआ है। 26 मई को धान संग्रहन केन्द्र ग्राम जगतरा में ड्रायवर ओंमप्रकाश बुंदेले ट्रक में 320 लीटर डीजल डलवाकर धान लोडिंग करने गया था, जो शाम करीबन 06 बजे धान संग्रहण केन्द्र बंद हो जाने से ट्रक को संग्रहण केन्द्र ग्राम जगतरा के बाहर खड़ी कर अपने घर चला गया था। 27 मई को सुबह करीबन 09:23 बजे ड्रायवर ओंमप्रकाश बुंदेले ने फोन कर बताया कि ट्रक का डीजल टंकी का लॉक टुटा हुआ है तथा टंकी में डीजल नहीं है, मैं अपने मालिक दीपक उपाध्याय को घटना के संबंध में सूचना दिया, 14 चक्का ट्रक क्रमांक सीजी 07 बीएन 2094 से 320 लीटर डीजल को डीजल टंकी के लॉक को तोड़कर किसी अज्ञात चोर द्वारा 26 मई के शाम करीबन 06 बजे से 27 मई के सुबह करीबन 09:23 बजे के मध्य चोरी कर ले गया है। काम में व्यस्त होने से आज 12 जून को रिपोर्ट दर्ज कराने थाना आया हूं।

### अवैध शराब बेचने वाला भेजा गया जेल

**भिलाई।** अवैध रूप से शराब बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना उतई थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर मुक्तिधाम रोड, पतोरा में दबिश देकर गोडपेंडरी निवासी सत्यवीर खुटियारे को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने 30 पौवा देशी मसाला शराब कुल 5.4 बल्क लीटर जब्त किया गया। जिसकी कीमत 3 हजार रुपए आंकी गई है। उतई थाना प्रभारी अनिल कुमार पटेल समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### म्यूल खाते से ठगी करने वाले 15 पुलिस की गिरफ्त में

**भिलाई।** म्यूल खातों का उपयोग कर साइबर ठगी करने वाले 15 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल से मिले शिकायतों के आधार पर पुलिस ने कोटक महिन्द्रा बैंक के खातों की जांच की गई। जांच में पाया गया कि खातों में साइबर ठगी से मिले रकम जमा की गई है। खाता धारकों द्वारा उक्त खातों के माध्यम से वित्तीय लेन-देन कर अवैध आर्थिक लाभ अर्जित किया। विवेचना के दौरान खाताधारकों ने स्वयं अथवा अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर अपने बैंक खातों का उपयोग साइबर ठगी किया।

### सुरक्षा, सम्मान और स्वरोजगार की दिशा में स्वच्छता कर्मियों को मिला नया अवसर

# नमस्ते योजना के तहत स्वच्छता कर्मियों को दिया गया क्षमता विकास एवं सुरक्षा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



नगर पालिका दल्ली राजहरा में स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अंतर्गत भारत सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय कार्रवाई मशीनीकृत स्वच्छता पारिस्थितिकी तंत्र (नमस्ते) योजना के तहत स्वच्छता कार्यों से जुड़े कचरा संग्रहकर्ताओं, स्वच्छता कर्मियों एवं स्वच्छता दीदियों के लिए क्षमता विकास एवं सामाजिक सुरक्षा उन्मुख प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता कर्मियों को सुरक्षित, सम्मानजनक एवं आत्मनिर्भर आजीविका से जोड़ते हुए उन्हें आधुनिक और सुरक्षित कार्य प्रणाली के प्रति जागरूक बनाना रहा।

नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू एवं उपाध्यक्ष मनोज दुबे के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्वच्छता क्षेत्र से जुड़े कर्मियों को उनके दैनिक कार्यों में सुरक्षा, दक्षता और तकनीकी समझ विकसित करने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के दौरान कार्यस्थल पर सुरक्षा उपायों को अपनाने, आवश्यक सुरक्षा उपकरणों के उपयोग तथा मशीनीकृत प्रणाली के माध्यम से कार्य करने की विस्तृत जानकारी दी गई। मुख्य नगरपालिका अधिकारी सीमा बक्शी ने बताया कि नमस्ते योजना का प्रमुख उद्देश्य स्वच्छता कर्मियों को सामाजिक सम्मान दिलाना, उनकी कार्यकुशलता में वृद्धि करना तथा उन्हें विभिन्न शासकीय योजनाओं और सामाजिक सुरक्षा सुविधाओं से जोड़ना है। इसके माध्यम से स्वच्छता कार्यों को अधिक सुरक्षित, प्रभावी और मानवीय बनाया जा रहा है, जिससे शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखने में महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। कार्यशाला में बताया गया कि योजना के अंतर्गत कचरा संग्रहकर्ताओं, सीवर एवं सेप्टिक टैंक सफाई कार्य से जुड़े कर्मियों तथा घर-घर कचरा संग्रहण का कार्य करने वाली स्वच्छता दीदियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही उन्हें सुरक्षा सामग्री उपलब्ध कराने, कौशल विकास के अवसर प्रदान करने तथा स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ाने पर भी विशेष बल दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान स्वच्छता कर्मियों को कार्य के दौरान होने वाले संभावित जोखिमों से बचाव, सुरक्षा मानकों के पालन तथा स्वास्थ्य संरक्षण संबंधी आवश्यक जानकारी दी गई। योजना का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य स्वच्छता कार्यों के दौरान दुर्घटनाओं और जनहानि की संभावनाओं को समाप्त करते हुए सुरक्षित कार्य संस्कृति का निर्माण करना है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य अधिकारी रामगोपाल चंद्राकर, स्वच्छता प्रभारी सतीश चंद्राकर, परियोजना इकाई के विक्रांत साहू, काम फाउंडेशन के संचालक जयंत कुमार सहित बड़ी संख्या में स्वच्छता कर्मी एवं स्वच्छता दीदियां उपस्थित रहीं।

## क्रोध विनाश का कारण क्षमा आत्मबल की पहचान : महासती प्रियंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

स्थानीय डोंडी जैन भवन में विराजित महसती श्री प्रियंका जी म.सा. आदि ठाणा 4 के सान्निध्य में प्रतिदिन धर्म प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है। प्रवचनों का लाभ नगर सहित आसपास के क्षेत्रों एवं बाहर से आए बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं श्रद्धापूर्वक ग्रहण कर रहे हैं। धर्मसभा में प्रतिदिन आध्यात्मिक वातावरण के बीच धर्म, संयम और सदाचार की प्रेरणा दी जा रही है।

■ सहनशीलता और विनम्रता से मिलती है आत्मिक शांति

आज के प्रवचन में साध्वी श्री ने क्रोध और क्षमा के विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मनुष्य जब क्रोध के वशीभूत होकर कोई गलती करता है, तो उसका परिणाम अत्यंत पीड़ादायक और दुखदायी होता है। क्रोध व्यक्ति की विवेक शक्ति को नष्ट कर देता है, जिससे वह सही और गलत का निर्णय नहीं कर पाता तथा बाद में उसे अपने कर्मों पर पछताना पड़ता है। उन्होंने कहा कि क्रोध संबंधों में कटुता, मन में अशांति और जीवन में अनेक समस्याओं को जन्म देता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को क्रोध पर नियंत्रण रखने का प्रयास करना चाहिए। साध्वी श्री ने कहा कि क्षमा केवल शब्द नहीं, बल्कि आत्मबल और महानता का प्रतीक है। जो व्यक्ति दूसरों की भूलों को क्षमा कर देता है, वही सच्चे अर्थों में वीर कहलाता है। प्रवचन के दौरान उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को संदेश दिया कि जीवन में सहनशीलता, विनम्रता और क्षमाभाव को अपनाकर ही आत्मिक शांति एवं सुख की प्राप्ति संभव है। क्षमा से मन निर्मल होता है और समाज में प्रेम, सद्भाव तथा सौहार्द का वातावरण बनता है।

धर्मसभा में उपस्थित श्रावक-श्राविकाओं ने प्रवचन का श्रद्धाभाव से श्रवण किया तथा साध्वी श्री के प्रेरणादायी संदेशों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। जैन भवन में चल रहे इन प्रवचनों से धार्मिक वातावरण बना हुआ है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन धर्मलाभ प्राप्त कर रहे हैं।

## 22 साल बाद मिले स्कूल के दोस्त, जामगांव आर में यादों का सजा खूबसूरत कारवां



**जामगांव आर।** नश्वर संसार में बढ़ती उम्र के बीच 22 स्कूलों की यादों को तरोताजा करने के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर 2004 बेंच स्कूल ग्रुप ने जामगांव आर में मिलन समारोह का आयोजन कर अतीत के सुनहरे पन्नों को जब पलटा तो आनंद की सागर हिलोरें लेने लगी।

सबने स्कूल लाइफ से अभी तक की सफर के खट्टे मीठे अनुभव को बड़ी सरलता से बया किए और कहा कि यह मिलन समारोह जीवन की यादगार पल होगी। समारोह में पीके वारने की उपस्थिति ने समारोह में और भी रंग भर दिए। दोस्तो ने बचपन की यादों को तरोताजा करते हुए गेम भी खेले।

समारोह में खिलावन, राजकिशोर, विजय, मुकेश शुक्ला, पिंकी, स्मृति, मोना की उपस्थिति रही। मुकेश शुक्ला ने बताया कि यह समारोह ने दोस्ती के नाम यादगार पैगाम दिया है।

## लोक कल्याण मेला एवं स्वनिधि महोत्सव में हितग्राहियों को मिली योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज. दल्लीराजहरा/चिखलाकसा



नगर पंचायत चिखलाकसा में लोक कल्याण मेला सह स्वनिधि महोत्सव का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। शिविर में बड़ी संख्या में स्ट्रीट वेंडर्स एवं नागरिकों ने सहभागिता कर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। आयोजन का उद्देश्य छोटे व्यवसायियों, फेरी विक्रेताओं एवं स्वरोजगार से जुड़े लोगों को शासन की योजनाओं से जोड़ते हुए उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना रहा।

कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष कुंती देवांगन, उपाध्यक्ष राजू रावटे तथा पार्षदगण की गरिमामयी उपस्थिति रही। जनप्रतिनिधियों ने उपस्थित हितग्राहियों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने स्ट्रीट वेंडर्स से योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाकर अपने व्यवसाय को मजबूत बनाने का आह्वान किया।

शिविर में कुल 36 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस दौरान स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 10 नए ऋण आवेदन ऑनलाइन माध्यम से दर्ज किए गए। शिविर में विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ पात्र हितग्राहियों का मार्गदर्शन भी किया गया, ताकि वे शासन की सुविधाओं का लाभ सरलता से प्राप्त कर सकें। लोक कल्याण मेला एवं स्वनिधि महोत्सव के माध्यम से स्ट्रीट वेंडर्स को आत्मनिर्भर बनाने, आर्थिक गतिविधियों को गति देने तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने की दिशा में सार्थक पहल की गई। कार्यक्रम में नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्ट्रीट वेंडर्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन से हितग्राहियों में उत्साह का वातावरण देखने को मिला तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने में यह आयोजन प्रभावी साबित हुआ।



## ओडारसकरी में स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अण्डा

ग्राम पंचायत ओडारसकरी में हर माह की भांति इस माह के प्रथम शनिवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान सरपंच अनिल सोनी के नेतृत्व में स्वच्छता समूह की महिलाओं एवं ग्रामवासियों की सहभागिता से संपन्न हुआ।

अभियान के तहत ग्राम पंचायत भवन के आसपास एवं बस स्टैंड परिसर में विशेष सफाई की गई। सफाई के दौरान कचरा एकत्र कर उसका उचित निस्तारण किया गया तथा ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

सरपंच अनिल सोनी ने कहा कि गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए सभी ग्रामीणों की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखें और स्वच्छता अभियान में नियमित रूप से भाग लें।

इस अवसर पर स्वच्छता समूह की महिलाओं और ग्रामवासियों ने गांव को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। ग्रामवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे गांव के विकास और स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण बताया।

## प्रधानमंत्री आवास योजना से पूरा हुआ उमा बाई का सपना, कच्चे मकान से मिली मुक्ति



हरिभूमि न्यूज. बालोद/ डौंडीलोहारा

जिले के डौण्डीलोहारा विकासखंड के ग्राम रेंगनी निवासी उमा बाई और उनके परिवार के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना वरदान बन गई है। कभी उनका परिवार कच्चे मकान में रहने को मजबूर था, जहां बरसात के दिनों में छत से लगातार पानी टपकता रहता था। बारिश के चार महीने पूरा परिवार डर और परेशानी के बीच जीवन बिताता था। रातों की नींद और दिन का सुकून दोनों छिन जाता था। बरसात शुरू होने से पहले हर साल खपरैल और दीवारों की मरम्मत करानी पड़ती थी, जिससे आर्थिक बोझ भी बढ़ता था।

■ उमा बाई ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का जताया आभार

परिवार का सपना था कि उनका भी एक पक्का मकान हो, लेकिन आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण यह सपना पूरा होना मुश्किल लग रहा था। ऐसे समय में प्रधानमंत्री आवास योजना उनके लिए उम्मीद की किरण बनकर आई। वर्ष 2024–25 में उनका आवास स्वी—त हुआ और मकान निर्माण के लिए 1 लाख 20 हजार रुपये की राशि मिली।

इसके बाद धीरे–धीरे उनका पक्का मकान तैयार हो गया। अब परिवार सुरक्षित और निश्चिंत होकर अपने नए घर में रह रहा है। उमा बाई ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की इस योजना ने उनके परिवार का वर्षोंर् पुराना सपना पूरा कर दिया। अब उन्हें बारिश के मौसम का डर नहीं सताता और पूरा परिवार खुशहाल जीवन जी रहा है।

## प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा का स्वच्छता अभियान



**जामगांव आर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री के रूप में सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा मण्डल जामगांव आर द्वारा ग्राम किकिरमेटा महामाया मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू ने कहा कि स्वच्छता का स्वास्थ और संस्कार से गहरा नाता है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत संस्कारित भारत के हिमायती है। उन्होंने भारत की स्वच्छता के लिए अभियान चलाया गांव गांव में सफाई के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि हम सबको गर्व है कि हमारे देश का प्रधान सेवक नरेंद्र मोदी सच्चा ईमानदार देश भक्त है और हम उनके अनुयायी है। ये रहे उपस्थित मण्डल अध्यक्ष कमलेश साहू, लालेश्वर साहू, रुपसिंह सिन्हा, रवि सिन्हा, कौशल गंजीर, लुभम् बंछोर, चंद्रकांत साहू, सुभाष यादव, देवप्रकास, परमेश्वर चक्रधारी, सरपंच देवकी निषाद, भुनेश्वरी निर्मलकर, प्रमोद जैन, कय्यूम खान, जेठू निषाद, शेषणरायण सिन्हा, नरेंद्र धर्मगुड़ी, गालव साहू भीसम साहू, दीपक साहू एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधियों ने भाग लेकर सार्वजनिक स्थलों की साफ–सफाई की तथा स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता का संदेश दिया। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने स्वच्छ एवं सुंदर भारत के निर्माण में अपना योगदान देने का संकल्प लिया।

## बंद मकान का ताला तोड़कर 30 ग्राम सोने के सिक्कों की चोरी, मामला दर्ज

**बालोद।** नगर पंचायत पलारी थाना सनौद निवासी शासकीय हाई स्कूल बेलटुकरी जिला गरियाबंद में पदस्थ सहायक शिक्षक संजय साहू पिता डेरहा लाल साहू 51 वर्ष ने पुलिस को बताया कि मेरे पलारी स्थित घर के सामने दरवाजा में लगा हुआ ताला तोड़कर घर अंदर रखे दोनों आलमारी को तोड़कर आलमारी के लॉकर में पिताजी द्वारा रखे 01 नग सोने का सिक्का 10 ग्राम और 01 नग सोने का सिक्का 20 ग्राम को रखा था वह नहीं था, जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति 2 जून से 10 जून के बीच दरवाजे का ताला तोड़कर, घर अंदर प्रवेश कर आलमारी का ताला तोड़कर चोरी कर ले गया है। पिताजी को अस्पताल में भर्ती कर ईलाज कराकर डिस्चार्ज कराने के बाद 12 जून को रिपोर्ट दर्ज कराने थाना आया हूं। मामले में पुलिस ने धारा 305, 331(4) के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

### 16 जून से ही खुलेंगे स्कूल

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत को लेकर सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों पर विराम लग गया है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा दी गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार, राज्य की सभी शासकीय एवं अशासकीय (निजी) शालाओं का विधिवत संचालन 16 जून मंगलवार से प्रारंभ कर दिया जाएगा। पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर यह भ्रामक जानकारी फैलाई जा रही थी कि भीषण गर्मी या अन्य कारणों से नया शैक्षणिक सत्र 1 जुलाई से शुरू होगा। विभाग ने इस खबर का पूरी तरह खंडन करते हुए इसे असत्य, भ्रामक और फर्जी करार दिया है।

### स्वच्छ रखने और अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया

# बढ़ता भारत, बदलता भारत अभियान के तहत भाजपा ने चलाया स्वच्छता अभियान, किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



केंद्र की एनडीए सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हुए विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे बढ़ता भारत, बदलता भारत अभियान के अंतर्गत मंडल रेंगाडबरी के ग्राम मंगचुवा स्थित अटल चौक में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया तथा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष उत्तरा घरेन्द्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच और पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पित भाव के कारण आज पूरे देश में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को लेकर व्यापक जनजागरण का माहौल बना है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान और वृक्षारोपण जैसे कार्यक्रम समाज को स्वच्छ एवं हरित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।स्वच्छता अभियान के दौरान अटल चौक परिसर की साफ-सफाई की गई तथा लोगों को अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने और अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर मंडल महामंत्री पूनमचंद जैन, उपाध्यक्ष घनश्याम सिंह गोरे, कोषाध्यक्ष उत्तरा कुमार पिस्दा, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रीतम कुमार देशमुख, खोमेश सलामे, उपसरपंच रोहित कुमार धलेंद्र, रामेश्वर भुआर्य, सखा राम गवर्णा, सुखदेव राम मेरिया, रूपराम पोंगरा, पंच रूपोतीन नायक, कामिन बाई, शक्ति बाई, सतरूपा, रेवती, लक्ष्मी, मंगली बाई, सुधा नायक, गायत्री, खोरबाहरिन, लेखनी, अमिला, दुलेश्वरी, लगनी याद्व सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के संकल्प के साथ किया गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज